| Series &RQPS | | SET-4 |
|---|---|---|

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **39**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Please check that this question paper contains **31** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भारत की ज्ञान परंपराएँ और पद्धतियाँ

# KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

निर्धारित समय : **3** घण्टे — अधिकतम अंक : **70**


Time allowed : **3** hours — Maximum Marks : **70**

सामान्य निर्देश :

- *इस प्रश्न-पत्र में **I** से **IV** तक **चार** भाग हैं ।*
- *भाग-**I** में प्रत्येक **01** अंक वाले **16** प्रश्न हैं ।*
- *भाग-**II** में प्रत्येक **02** अंक वाले संक्षिप्त उत्तर के **07** प्रश्न हैं ।*
- *भाग-**III** में प्रत्येक **05** अंक वाले वर्णनात्मक प्रकार के **04** प्रश्न हैं ।*
- *भाग-**IV** में प्रत्येक **05** अंक वाले वर्णनात्मक प्रकार के **04** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न **15** में एक आंतरिक विकल्प दिया गया है ।*

## भाग – I

1. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1



निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दिये गये चित्र का सबसे अच्छा उत्तर है ?

(क) फसल की मड़ाई (बालियों से अनाज का दाना निकालना) के लिये प्रयुक्त पारंपरिक कीचड़ बनाने का उपकरण (मड टूल) ।

(ख) बानावली (हरियाणा) में प्राप्त हल फाल का टेराकोटा (पक्की मिट्टी) मॉडल ।

(ग) कालीबंगा (राजस्थान) के एक खेत में प्राप्त हल फाल का लकड़ी का मॉडल ।

(घ) फसल कटाई के लिये प्रयुक्त खेती-उपकरण ।

2. गलत कथन की पहचान करें । 1

(क) एकांत स्थान, अधिकतर वन क्षेत्रों में जहाँ आमतौर पर गुरुकुल स्थापित होते थे, उन्हें आश्रम कहा जाता था ।

(ख) गुरुकुल वाले आश्रमों का नाम शासक के नाम पर होता था ।

(ग) बौद्ध काल के दौरान, विहार (मोनेस्टरीज) शिक्षा के मुख्य केन्द्र थे ।


(घ) बाद में विहार, शिक्षा के ऐसे केन्द्र बन गये जिनमें दूर-दूर से विद्यार्थी पढ़ने आते थे ।

**General Instructions :**

- *This question paper contains four sections, Section **I** to **IV**.*
- *Section **I** has **16** questions carrying **01** mark each.*
- *Section **II** has **07** Short Answer type questions carrying **02** marks each.*
- *Section **III** has **04** descriptive type questions carrying **05** marks each.*
- *Section **IV** has **04** descriptive type questions carrying **05** marks each.*
- *One internal choice is given in Q. **15**.*

## SECTION – I

1. Study the picture carefully and answer the question that follows : **1**



Which of the following option best describes the given picture ?

(a) Traditional mud tool used for threshing of crop.

(b) A terracotta model of a ploughshare found at Banawali (Haryana).

(c) A wooden model of a ploughshare found in a field Kalibangan (Rajasthan).

(d) A farming tool used for harvesting.

2. Identify the incorrect statement. **1**

(a) The secluded, often forested areas, where gurukulas were generally located were known as āśramas.

(b) The āśramas with gurukulas bore the name of the ruler.

(c) During the Buddhist period, vihāras (monasteries) emerged as the chief centres of learning.

(d) The vihāras later on grew into centres of education that attracted students from far and wide.


3. कॉलम–क की मदों का कॉलम–ख की मदों से सही मिलान कीजिए : **1**

| | **कॉलम–क** | | **कॉलम–ख** |
|---|---|---|---|
| 1. | आश्रमों का तीसरा स्तर | i. | निष्काम कर्म |
| 2. | चरम लक्ष्य | ii. | संन्यास |
| 3. | भगवद्गीता | iii. | मोक्ष |
| 4. | आश्रमों का चौथा स्तर | iv. | वानप्रस्थ |

**विकल्प :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (क) | ii | i | iv | iii |
| (ख) | iii | ii | iv | i |
| (ग) | iv | i | ii | iii |
| (घ) | iv | iii | i | ii |

4. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1**



इस विशिष्ट सामरिक कला के लिये निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(क) यह भी कृपाण युद्ध में आवश्यक प्रशिक्षण का एक रूप है ।

(ख) भव्य मल्ल युद्ध (कुश्ती) उत्सव लोकप्रिय थे और समय-समय पर आयोजित किये जाते थे ।

(ग) अखाड़ा समतल होना चाहिए और उसे हल्का गीला रखा जाना चाहिए ।

(घ) मल्लपुराण पहलवानों (मल्लों) के लिये मांसाहारी भोजन का उल्लेख करता है ।


3. Match the items in Column A with that of Column B : **1**

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| 1. | Third stage of āśramas | i. | niśkāma karma |
| 2. | Supreme goal | ii. | saṁnyāsa |
| 3. | Bhagavad-Gītā | iii. | mokṣa |
| 4. | Fourth stage of āśramas | iv. | vanaprastha |

**Options :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ii | i | iv | iii |
| (b) | iii | ii | iv | i |
| (c) | iv | i | ii | iii |
| (d) | iv | iii | i | ii |

4. Study the picture carefully and answer the question that follows : **1**



Which of the following options is incorrect for this particular martial art ?

(a) It is also one form of training required in sword fighting.

(b) Grand wrestling festivals were popular and periodically organized.

(c) The wrestling pit should be levelled and kept slightly wet.

(d) Mallapurāṇa indicates non-vegetarian diet for wrestlers.

5. किसी भी इत्र (परफ्यूम) में धनिये का एक से अधिक हिस्सा नहीं मिलाया जाना चाहिए क्योंकि ________. 1

(क) इसके प्रयोग से नाक में जलन हो सकती है।

(ख) इसकी गंध बहुत तेज नहीं होती।

(ग) इसकी गंध बहुत तेज होती है।

(घ) इसके प्रयोग से सिरदर्द हो सकता है।

**नोट :** प्रश्न **6** से **13** में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया हैं। नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर पर निशान लगाइये :

6. **अभिकथन (A) :** कन्नड़ की पुस्तक लोकोपकार (1025 ई.) में पशु-रोगों के उपचार का उल्लेख किया गया है। 1

**कारण (R) :** इसने पशु-प्रबंधन के लिये पशुओं के वर्गीकरण, पशु गणना और उनके उचित पालन-पोषण पर जोर दिया।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है।

7. **अभिकथन (A) :** भारतीय प्रणाली में परीक्षाओं के विभिन्न रूप थे। 1

**कारण (R) :** उन्होंने क्या सीखा है इसे प्रदर्शित करने के लिये विद्यार्थियों को विद्वतापूर्ण वाद-विवाद और प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखने के अभ्यास कार्य में लगाया जाता था।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है।

5. In no perfume should more than one part of coriander be used, as its ________. **1**

(a) use can irritate the nasal passage

(b) smell is not very strong

(c) smell is too strong

(d) use can cause headache

**Note :** In questions **6 – 13**, there are **two** statements marked as Assertion (A) and a Reason (R). Mark your answer as per the codes provided below :

6. **Assertion (A)** : The Kannada text Lokopakara (1025 CE) indicates treatments for livestock diseases. **1**

**Reason (R)** : It insisted on the classification, the census and proper rearing of livestock for cattle management.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

7. **Assertion (A)** : Examinations had a different form in the Indian system. **1**

**Reason (R)** : In order to demonstrate what they had learnt, students engaged in the exercise of learned debates and writing answers to the question papers.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

8. भारत में अनेक समरवीर वंश सामरिक कला (युद्ध कला) में प्रवीण थे । मणिपुर के मैयती एक विशिष्ट युद्ध तकनीक थंग–टा का अभ्यास करते थे । 1

**अभिकथन (A) :** भारत में अनेक समरवीर वंश युद्ध कला में पारंगत थे ।

**कारण (R) :** थांग–टा एक सामरिक कला है जिसका अभ्यास मणिपुर का एक समरवीर वंश करता था ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

9. **अभिकथन (A) :** बारिश की भविष्यवाणी के लिये चन्द्रमा और सूर्य की अवस्थितियों के आधार पर विद्वानों ने पद्धतियाँ तैयार कीं । 1

**कारण (R) :** फसल का उत्पादन अधिकतर मौसमी मानसून–वर्षा पर निर्भर था ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

10. **अभिकथन (A) :** छात्रों को धर्म के अनुरूप अपना जीवन बनाने के लिये प्रशिक्षित किया जाता था । 1

**कारण (R) :** अनुशासन दक्षता के लक्ष्य, इतिहास, वाद–विवाद कला, कानून, औषधि आदि का भी परिश्रम के साथ अध्ययन किया जाता था ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

8. Several warrior clans in India were adept at martial art. The Meitis of Manipur practised a distinct martial technique called Thang-ta. **1**

**Assertion (A)** : In India many warrior clans were proficient at martial art.

**Reason (R)** : Thang-ta is martial art practiced by a warrior clan from Manipur.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

9. **Assertion (A)** : Scholars worked out methods based on the positions of the Moon and the Sun in the sky to predict rainfall. **1**

**Reason (R)** : Crop production often depended on seasonal monsoon rains.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

10. **Assertion (A)** : Pupils were trained to guide their life in consonance with dharma. **1**

**Reason (R)** : The goal of mastering a discipline, history, art of debate, law, medicine etc., was also assiduously pursued.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

11. **अभिकथन (A) :** निष्काम कर्म एक ऐसा कार्य है जिसे निजी हानि–लाभ का विचार किये बिना करना होता है । 1

**कारण (R)** : यह एक परोपकार का कार्य है जिसका उद्देश्य अपने कल्याण के बजाय दूसरों का कल्याण करना है ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

12. प्रतिपक्षी (विरोधी) को जमीन पर गिराना धरणीपात है । यह हथेलियों, भुजाओं के बल से या पहले अपने को नीचे गिराकर और फिर शत्रु को नीचे गिराकर किया जाता है । गिरे हुए शत्रु को हराया जाता है । 1

**अभिकथन (A) :** धरणीपात, कुश्ती का एक प्रकार है ।

**कारण (R)** : प्रतिपक्षी को धराशायी करना ही जीत है ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

13. **अभिकथन (A) :** वर्तमान जानकारी के अनुसार भारत में काँच की वस्तुयें सबसे पहले ऊपरी गंगा–यमुना क्षेत्र में पाई गई । 1

**कारण (R)** : प्रारंभिक भारतीय काँच निर्माता काँच के गलन और गढ़न में अधिक कुशल नहीं थे ।

(क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (A) सही है, (R) गलत है ।

(घ) (A) गलत है, (R) सही है ।

11. **Assertion (A)** : Niśkāma karma is an action which is required to be performed without consideration of personal consequences. 1

**Reason (R)** : It is an altruistic action aimed at the well-being of others rather than for oneself.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

12. Dharaṇīpāta is getting the opponent down on the earth. It is achieved by the force of palm, arm or by throwing one's self down and then bringing down the enemy. The fallen enemy is defeated. 1

**Assertion (A)** : Dharaṇīpāta is a type of wrestling.

**Reason (R)** : The victory consists in turning the opponent.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

13. **Assertion (A)** : The first appearance of glass objects in India, according to current knowledge, is from the upper Ganga-Yamuna region. 1

**Reason (R)** : The early Indian glass-makers were not very skilled at fusion and moulding.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, (R) is false.

(d) (A) is false, (R) is true.

14. शिक्षण कार्य मौखिक रूप से किया जाता था और छात्रों से भी अपेक्षा की जाती थी कि कक्षा में उन्हें जो पढ़ाया गया है उसका वह प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करें । क्या यह प्रणाली आज हमारे विद्यालयों में कार्य करेगी ? 1


(क) आंशिक रूप से कार्य करेगी ।

(ख) जैसा कहा गया है, बिलकुल वैसे ही कार्य करेगी ।

(ग) बिलकुल कार्य नहीं करेगी ।

(घ) केवल सरकारी हस्तक्षेप से कार्य कर सकती है ।

15. (A) नीचे दिये गये चित्र और पाठ्य विवरण का ध्यान से अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । सर्वाधिक उचित विकल्प चुनिये । 1



पाठ्य सामग्री : सिंधु और हड़प्पा सभ्यता का एक मुख्य आधार कृषि था । इसके साथ-साथ मृत्तिका (सिरैमिक) प्रौद्योगिकी ने पानी भर कर ले जाने, बीज और अनाज को रखने और खाना पकाने के लिये आवश्यक बर्तनों और अच्छी तरह से पकी ईंटों का विकास और उत्पादन भी किया ।

अतः हम अनुमान कर सकते हैं हड़प्पा के लोगों ने

(i) सुंदर पक्की ईंटों का निर्माण किया ।

(ii) खाना पकाने के योग्य बर्तनों का निर्माण किया ।

(iii) चमकदार (ग्लेज़्ड) बर्तनों का निर्माण किया ।

(iv) डिजाइन / प्रकृति में विद्यमान मूल सजावटी डिजाइन वाले बर्तनों का निर्माण किया ।

(क) (i) और (iv) (ख) (i) और (ii)

(ग) (i) और (iii) (घ) (ii) और (iv)

अथवा

14. Teaching was in the oral mode and students were also expected to gain first hand experience of what they were taught in the class. Would this system work today in our schools ? **1**


(a) This would work partially.

(b) Would work exactly as described.

(c) Will not work at all.

(d) Can work only through Government intervention.

15. (A) Study the following picture and the textual description given below and answer the question. Choose the most appropriate option. **1**



Text material : One mainstay of the Indus or Harappan civilization was agriculture. Alongwith it, ceramic technology developed and produced fine fired bricks as well as pots, which are required to carry water, store seeds and grain, and of course to cook food. We can infer that Harappans :

(i) made fine fired bricks

(ii) made pots conducive to cook

(iii) made glazed pots


(iv) made pots with designs/ motifs present in nature.

(a) (i) and (iv) (b) (i) and (ii)

(c) (i) and (iii) (d) (ii) and (iv)

**OR**

(B) नीचे दिये गये चित्र और पाठ्य विवरण का ध्यान से अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। सर्वाधिक उचित विकल्प चुनिये। 1



पाठ्य सामग्री : पारंपरिक रूप से इन्हें भूर्ज पत्रों (भोज पत्रों) और ताड़ के पत्तों जैसी वस्तुओं में लिखा जाता था। उत्तर भारतीय पाण्डुलिपियों (हस्तलिपियों) के लिये भोज वृक्ष की छाल मुख्यतः प्रयोग में लाई जाती थी और बारीक पिसे हुए कोयला चूर्ण में गोंद मिलाकर बनी स्याही या तेल के दीपकों से प्राप्त काजल से इन्हें लिखा जाता था।

अत: हम अनुमान कर सकते हैं कि :

(i) यह हस्तलिपि भोज पत्र में लिखी गई है।

(ii) आज भारत के पास पांडुलिपि (हस्तलिपि) संपदा नहीं है।

(iii) लिखने की स्याही, आसानी से उपलब्ध स्थानीय सामग्री से बनाई जाती थी।

(iv) उत्तर भारत में पांडुलिपियों को मुख्यतः भोज पत्रों में लिखा जाता था।

(क) (i) और (iv)

(ख) (i) और (ii)

(ग) (iii) और (iv)

(घ) (ii) और (iv)

16. नीतिवाक्यामृतम् से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ? 1


(क) इसका शाब्दिक अर्थ है "नीतिशास्त्र का अमृत"।

(ख) इसमें संस्कृत भाषा में 32 (बत्तीस) प्रवचन हैं।

(ग) यह एक जैन विद्वान सोमदेव सूरी द्वारा लिखित गद्य है।

(घ) इसमें पालि भाषा के 32 प्रवचन हैं।

(B) Study the following picture and the textual description given below and answer the question. Choose the most appropriate option. 1



Text Material : Traditionally, they were written on materials such as birch bark (bhūrja pattra) and palm leaves. Birch bark was mainly used for north Indian scripts, and the writing was done with ink made of finely ground charcoal powder in a medium of gum, or soot from oil lamps. We can infer that :

(i) This manuscript is written on bhūrja pattra.

(ii) India today does not possess a wealth of manuscripts.

(iii) Writing inks were created from easily available local material.

(iv) Manuscripts were mainly written on bhūrja pattra in North India.

(a) (i) and (iv)

(b) (i) and (ii)

(c) (iii) and (iv)

(d) (ii) and (iv)

16. Which of the following options related to Nītivākyamṛtam is incorrect ? 1

(a) It literally means the 'nectar of science of polity'.

(b) It contains thirty-two discourses in Sanskrit.

(c) It is a prose by a Jain scholar, Somadeva Suri.

(d) It contains thirty-two discourses in Pali.

## भाग – II

17. सुरपाल के ग्रंथ में "आनंद कानन" (प्लीजर गार्डन) के नक्शे की सिफारिश की गई है । इन नक्शों (विन्यासों) में दिये गये किन्हीं चार डिजाइनों का उल्लेख कीजिए । **2**

18. जयदेव, नामदेव, तुलसीदास, कबीर, रविदास और मीरा ने भारत के पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । पुनर्जागरण के महत्त्व का उल्लेख कीजिये । **2**

19. एक प्रकार का अभ्यास "ऊहापोहश्रम" कुश्ती परंपरा का एक हिस्सा है । इसके लिये किसी व्यायामिक या बलिष्ठ शरीर की आवश्यकता नहीं होती । यह तैयारी का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा है । आधुनिक खेलों में किये जाने वाले इसी प्रकार के किन्हीं दो क्रियाकलापों को बताइये । **2**

20. "अंग्रेजों ने गहन अध्ययन के लिये कुछ रॉकेट इंग्लैण्ड ले जाने में समय व्यर्थ नही किया जिसके परिणामस्वरूप यूरोपियन युद्धों में रॉकेट-प्रौद्योगिकी विकसित हुई ।" भारतीय आतिशबाजी पद्धतियों से संबंधित इस कथन से आप क्या समझते हैं ? **2**

21. शिक्षा की भारतीय अवधारणा छात्र के आंतरिक और बाह्य विकास पर केन्द्रित थी और जीवन के उतार-चढ़ाव का मुकाबला करने के लिये उन्हें तैयार करती थी । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? क्यों अथवा क्यों नहीं ? **2**

22. आपके परिवार में किसी को निष्काम कर्म करते हुए आपने देखा/सुना है तो इस घटना का उल्लेख कीजिये । **2**

23. "युद्ध (सामरिक) कला का क्षेत्र खिलाड़ियों, रक्षा कर्मचारियों, सुरक्षा सेवाओं आदि जैसे व्यवसाय के लोगों तक ही सीमित होना चाहिए ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने दृष्टिकोण के समर्थन के लिये कारणों का उल्लेख कीजिये । **2**

## SECTION – II

17. Surapala's text recommends layouts for 'pleasure gardens'. Mention any four designs given for these layouts. **2**

18. Jayadeva, Nāmdev, Tulsīdās, Kabīr, Ravidās and Mīra played an important part in the reawakening of India. State the significance of this reawakening. **2**

19. A type of exercise Uhāpohaśrama is a part of the wrestling tradition. It does not require any gymnastic or athletic ability, it is an extremely important part of the preparation. List any two similar activities done in today's sport. **2**

20. "The British lost no time in taking a few rockets to England for close study, which ended up boosting rocket technology in European warfare." What do you infer from statement about Indian Pyrotechnic practices ? **2**

21. The Indian concept of education focused on the students' inner as well as outer development and prepared them to face the vicissitudes of life. Do you agree with this statement ? Why or why not ? **2**

22. Describe an episode, where you have observed/heard someone in your family practice nishkama karma. **2**

23. "The field of Martial arts should be limited to people from professions like sports persons, defense personnel, security services etc." Do you agree with the statement ? State reasons to support your view. **2**

## भाग – III

24. जब सामरिक कला की श्रेष्ठता की बात आती है तो इसके लिये शारीरिक शक्ति के साथ-साथ मानसिक फुर्ती और क्षमता दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं । सामरिक कला में आपके अध्ययन के आधार पर किसी एक सामरिक कला रूप को स्पष्ट करते हुए दिये गये कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । **5**

25. (i) शिक्षण कार्य शिक्षक और पाठ्यपुस्तक पर केन्द्रित था और एक विद्वान शिक्षक के ज्ञान के प्रकटीकरण पर शिक्षण निर्भर था । वर्तमान परिदृश्य में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । **2**

    (ii) भारत में शिक्षा को समुदाय (लोगों) द्वारा सहायता दी जाती थी । शिक्षा के समर्थन में दिये गये उपहार या भेंट को सर्वोत्तम दान के रूप में देखा जाता था । इस कथन पर टिप्पणी कीजिए । **2**

    (iii) धार्मिक संस्थायें किस प्रकार छात्रावासों और शैक्षिक संस्थानों की सहायता करती थीं ? **1**

26. "इस संसार में नफरत से कभी भी नफरत दूर नहीं हुई है, इसे प्यार से ही जीता जा सकता है , यह एक शाश्वत नियम है ।"

    (i) दिये गये कथन से आप क्या समझते हैं ? **3**

    (ii) नैतिक मूल्यों को अपनाने और उनको आत्मसात करने से ही आचारशास्त्र का सही ज्ञान प्राप्त किया जा सकेगा । **2**

    उन कुछ मूल्यों पर प्रकाश डालिए जो आपने अपने • विद्यालय • फिल्मों से प्राप्त किये हैं ।

## SECTION – III

24. Mental agility and strength along with physical traits are equally important when it comes to the excellence of the martial art. Based on your study of martial arts, present your views on the given statement elaborating on any one martial art form. **5**

25. (i) Teaching was teacher centred and text centred and the teaching depended on the exposition of the knowledge by a learned teacher. Present your views in light of the present day scenario. **2**

    (ii) Education in India was supported by the community. A gift in support of education was seen as the highest donation (dāna). Comment on this statement. **2**

    (iii) How did the religious institutes support the hostels and educational institutes ? **1**

26. "Never in this world is hate

    Appeased by hatred;

    It is only appeased by love –

    This is an eternal law"

    (i) What do you infer from the given statement ? **3**

    (ii) A true knowledge of ethics would be attained if one practices and imbibes moral values. Reflect on some values you have acquired from your **2**

    - School
    - Films

27. पाठ्य उद्धरण : जब हम मानवता के प्रारंभिक स्तरों का अध्ययन करते हैं तो "प्रौद्योगिकी" शब्द पत्थर के औज़ार से लेकर बुने हुए कपड़े या निर्माण के रूप में प्राकृतिक पर्यावरण के किसी मानव निर्मित रूपान्तरण (परिष्करण) पर लागू होता है ।

प्राचीन भारत में विद्यमान किन्हीं दो प्रौद्योगिकियों के विवरण देकर इस कथन पर अपनी टिप्पणी दीजिये । समय के साथ शब्द 'प्रौद्योगिकी' का अर्थ भी बदल गया है । अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । **5**

## भाग – IV

28. (i) प्राचीन भारतीय शिक्षा के किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख करें जिन्हें आप समझते हैं कि उन्हें आज की शिक्षा प्रणाली में प्रयोग किया जा सकता है । **3**

(ii) पौरुषेय के अंतर्गत कितने विभाग (शास्त्र) हैं ? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए । **2**

29. "वास्तविक धर्म नैतिक गुणों पर जोर देता है । प्रत्येक धार्मिक परंपरा में अच्छे नैतिक आचरण को खुशहाल और संतुष्ट जीवन के लिये अनिवार्य माना गया है ।" विभिन्न धर्मों / धर्म ग्रंथों / महाकाव्यों से प्राप्त विचारधाराओं और विश्वासों के साथ इस कथन को स्पष्ट कीजिए । **5**

30. भारत के लगभग सभी हिस्सों में लोकप्रिय सामरिक कला का किसी एक या अन्य रूप में विकास हुआ है । सामरिक कला के किसी एक रूप के आधार पर इस कथन का औचित्य बताइये । **5**

31. (a) पाठ्य सामग्री : **3**

पराशर की "कृषिपाराशर" किसानों के लिये लिखित एक प्रारंभिक पुस्तक है । मृदा-प्रबंधन, स्वस्थ बीज और जल संग्रहण तथा संरक्षण, पशु प्रबंधन और औज़ारों के रख-रखाव सहित समग्र कृषि प्रबंधन पर उन्होंने जोर दिया है ।

"एकसमान बीज श्रेष्ठ परिणाम देते हैं । अतः समान किस्म के बीज प्राप्त करने के लिये हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए ।"

'अतः प्रत्येक व्यक्ति को यह बीज प्राप्त करने और उन्हें संरक्षित करने का अधिकतम प्रयत्न करना चाहिए ।' अच्छी भरपूर फसल का आधार बीज है ।

(i) उपर्युक्त पाठ के आधार पर हम बीज के स्वास्थ्य के बारे में क्या आशय (अर्थ) निकाल सकते हैं ?

27. Text Extract : When we deal with humanity's early stages, the word 'technology' applies to any man-made modification of the natural environment – from a stone tool to a woven piece of clothing or a construction.

Comment on the statement by providing details of any two technologies prevalent in ancient India. Also, has the semantics of the word 'technology' changed over the years. Present your views. **5**

## SECTION – IV

28. (i) Mention any two aspects of ancient Indian education that you think can be employed in today's education system. **3**

(ii) How many disciplines are there under paurūṣeya. Mention any three. **2**

29. "True religion lays stress on moral virtues. In every religious tradition, good moral conduct is considered essential for a happy and contented life." Explain the statement with ideologies and beliefs from various religions / religious scriptures / epics. **5**

30. Nearly every part of India has evolved one or the other form of a popular martial art. Based on any one form of martial art, justify the statement. **5**

31. (a) Text Material : **3**

Parāśara's Kṛṣiparāśara is an introductory text addressed to farmers. He stressed soil management, seed health, and overall farm management that included water harvesting and conservation, animal management and maintenance of implements.

'Uniform seeds produce excellent results. Hence every effort should be made to procure uniform seeds.'

'One should (therefore) put in maximum effort to procure and preserve these seeds.' The origin of plentiful yield is the seed.

(i) Based on the above text – What can we infer about seed health ?

(b) पाठ्य सामग्री : **2**

प्रत्येक व्यक्ति को पेड़-पौधे लगाने चाहिए क्योंकि जीवन के चार पुरुषार्थ (लक्ष्य) अर्थात् धर्म (सत्य मार्ग अपनाना), अर्थ (बिना लालच के धन संग्रहण), काम (संतानोत्पत्ति) और मोक्ष (संसार बंधनों से मुक्ति) प्राप्त करने के यह साधन हैं।

(ii) इस पाठ्य सामग्री के आधार पर हम भारतीय मूल्यों और आचार-शास्त्र के बारे में क्या परिणाम निकाल सकते हैं ?

(b) Text Material : **2**

One should undertake planting of trees, since trees yield the means of attaining dharma [righteousness], artha [accumulating wealth without being greedy], kāma [procreation], and moksha [liberation], which are the four aims of life.'

(ii) Based on this textual material – what can we infer about Indian values and ethics ?